सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 155 | इंदौर, शुक्रवार 19 दिसंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## हर जिले में मेडिकल कॉलेज होंगे, 8 नए आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज खोले जाएँगे

### प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार चिकित्सा सुविधाओं का तेज गति से कर रही है विस्तार : मुख्यमंत्री डॉ. यादव




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संकल्पानुसार प्रदेश सरकार गरीब, किसान, युवा और नारी हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार कठिनाइयों को दूर करते हुए प्रदेश में चिकित्सा सुविधाओं को बढ़ा रही है। पूर्व में मेडिकल कॉलेज शुरू करने में कई कठिनाइयां आती थीं, लेकिन प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देश को नेशनल मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया की सौगात दी। मेडिकल कॉलेज स्थापना प्रक्रिया का सरलीकरण हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष 2002-03 तक मध्यप्रदेश में केवल 5 मेकिडल कॉलेज थे। वर्तमान प्रदेश में 19 शासकीय मेडिकल कॉलेज और 14 निजी मेडिकल कॉलेज संचालित हैं। इसी माह बैतूल, धार, कटनी, पन्ना में 4 मेडिकल कॉलेजों का भूमिपूजन होगा। इसी के साथ बीएएमएस की पढ़ाई के लिए एक साल में 8 नए आयुर्वेदिक कॉलेज भी प्रारंभ किए जा रहे हैं। साथ ही संकल्प पत्र अनुसार प्रदेश की 29 लोकसभा में मेडिकल कॉलेज उपलब्ध हो जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शीघ्र ही प्रदेश के हर जिले में मेडिकल कॉलेज होंगे। राज्य सरकार मेडिकल के साथ आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक एवं यूनानी कॉलेजों की संख्या भी बढ़ा रही है। प्रदेश के सुदूर ग्रामीण और जनजातीय अंचलों तक चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास में आयोजित आरोग्य सेवा संकल्प सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह विचार व्यक्त किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के बच्चों के साथ खड़ी है। एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए गरीब एवं जरूरतमंद बच्चों को 16.50 लाख रुपए प्रतिवर्ष मदद दे रही है। हमारा प्रयास है कि प्रदेश के सभी बालक योग्य नागरिक बनें। युवा चिकित्सक समाज की सेवा के लिए आगे आएं, लोकतंत्र के सच्चे प्रहरी बनें। हम सभी को सशक्त निरोगी राष्ट्र निर्माण के लिए एकजुट होकर प्रयास करना होगा।

### मंत्री कैलाश विजयवर्गीय बोले-

# प्रदेश के शहरों को 2047 तक स्मार्ट और हरित बनाने का काम तेज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** प्रदेश के नगर विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने पिछले दो वर्षा में किए गए कामों का ब्यौरा देते हुए बताया कि केंद्र सरकार अब शहरी विकास पर ज्यादा ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि 2047 तक देश की आधी से ज्यादा आबादी शहरों में होगी, इसलिए उसी हिसाब से योजनाएं बनाई जा रही हैं। इंदौर जैसे शहरों के लिए तो 25 साल आगे की प्लानिंग की जा रही है, जिसमें जनसंख्या, गाड़ियों की संख्या और दूसरी जरूरी बातों का ध्यान रखा जा रहा है। मंत्री ने यह भी बताया कि पूरे प्रदेश के शहरों को भविष्य के लिए तैयार किया जा रहा है, ताकि वे आर्थिक विकास के केंद्र बनें और पर्यावरण के अनुकूल बनें।

विजयवर्गीय ने बताया कि पूरे प्रदेश में शहरों को भविष्य के हिसाब से तैयार करने की योजना है। सभी शहरों को आर्थिक विकास का हब बनाया जाएगा। साथ ही, शहरों को पर्यावरण के अनुकूल और टिकाऊ विकास की दिशा में आगे बढ़ाया जाएगा। इस दिशा में, पूरे प्रदेश में 51 लाख पेड़ लगाए गए हैं। एक ही जगह पर 12 लाख पेड़ लगाकर विश्व रिकॉर्ड भी बनाया गया है। अब एक बार फिर 12 लाख 40 हजार पेड़ लगाने की तैयारी है। पेड़ों की ग्रोथ की जांच के लिए 25 लोगों की



टीम बनाई गई है, जिन्हें अलग-अलग सेक्टर दिए गए हैं। इसके लिए नर्सरी भी लगाई गई है। अगर कोई पेड़ खराब होता है, तो उसकी जगह दूसरा पेड़ लगा दिया जाता है।

### जबलपुर और ग्वालियर भी बनेंगे मेट्रोपॉलिटिन एरिया

उन्होंने आगे बताया कि भोपाल और इंदौर के बाद जबलपुर और ग्वालियर को मेट्रोपॉलिटिन एरिया बनाया जाएगा। इसके लिए पूरे क्षेत्र का सीमांकन किया जाएगा। सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर के बारे में उन्होंने कहा कि वर्ल्ड क्लास सड़कों का 80% काम पूरा हो चुका है और 20% बाकी है। इंटीग्रेटेड टाउनशिप की योजनाएं भी शुरू की गई हैं, जिनमें इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ-साथ सर्विस और मार्केट पॉलिसी भी शामिल है। ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट (यानी, सार्वजनिक परिवहन के आसपास विकास) और एफ.आर.सी. (FRC) को बढ़ावा दिया जाएगा। मंत्री ने कहा कि शहरी इलाकों को विकास के क्षेत्र के रूप में विकसित करने पर काम चल रहा है। शहरों को मध्य भारत का 'आइकन' बनाने का लक्ष्य है। सिंहस्थ के लिए 20 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च होने की संभावना है, जिसमें से अभी ढाई हजार करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं।

### अभी 70% नगरीय निकाय सरकार पर निर्भर

उन्होंने यह भी कहा कि नगर पालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने की कोशिश की जा रही है। अभी 70% नगरीय निकाय भोपाल पर निर्भर हैं। नगर निगम पालिकाओं की प्रॉपर्टी को जी.आई.सी. (GIC) में डाला जाएगा। बिजली के बिल का खर्च कम करने के लिए सोलर ऊर्जा का इस्तेमाल करने का सुझाव दिया गया है। सभी नगर पालिकाओं से कहा गया है कि वे अपने खुद के बिजली प्लांट लगाएं। नई फायर पॉलिसी तैयार हो गई है। चार साल में ई.वी. (EV) वाहन होंगे। अब फायर एक्ट बनाया जा रहा है। आग से बचाव के लिए एक अलग से विभाग बनेगा। पुलिस की जगह फायर सेफ्टी विभाग इन मामलों को देखेगा। शहरी सुधार कार्यों के लिए भारत सरकार से 1926 करोड़ रुपये की मांग की गई है।

### ननि और पंचायत का गंदा पानी नर्मदा में नहीं मिलेगा

भोपाल में एक नई आईटी सिटी बन रही है। 'नमामि नर्मदे' योजना के तहत, किसी भी नगर निगम या पंचायत का गंदा पानी नर्मदा नदी में नहीं मिलेगा। जबलपुर में एसटीपी (STP - Sewage Treatment Plant) चालू हो गए हैं। मंत्री ने बताया कि भोपाल और इंदौर का मास्टर प्लान तैयार है। इस संबंध में मुख्यमंत्री के साथ बैठक हुई है। ट्रैफिक मैनेजमेंट के लिए आई.आई.एम. (IIM) नागपुर के साथ एम.ओ.यू. (MoU - Memorandum of Understanding) किया गया है। इंदौर और भोपाल में ट्रैफिक की प्लानिंग की जाएगी। राज्य परिवहन निगम की 600 बसें शहरी इलाकों में ग्रामीण क्षेत्रों से लोगों को लाएंगी। ये बसें शहरी और ग्रामीण दोनों इलाकों में चलेंगी।

# मंदिर की पेटी में सोना-चांदी के साथ करोड़ों रुपए और मोबाइल निकले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। सुप्रसिद्ध खजराना गणेश मंदिर की दान पेटियों से इस बार भारी मात्रा में चढ़ावा निकला है। मंदिर प्रबंधन द्वारा की गई गणना के अनुसार कुल 1 करोड़ 78 लाख रुपए की नगद राशि प्राप्त हुई है। इस राशि के अलावा भक्तों ने भगवान को सोने-चांदी के आभूषण और विदेशी मुद्रा भी अर्पित की है, जिसका मूल्यांकन अलग से किया जाना बाकी है।**





दान पात्रों को खोलने और उनकी गिनती करने का कार्य पिछले एक सप्ताह से चल रहा था। मंदिर परिसर में स्थापित 43 दान पेटियों से निकली इस राशि की गणना नगर निगम परिषद कार्यालय के अधीक्षक प्रदीप दुबे के नेतृत्व में 25 सदस्यीय टीम द्वारा की गई। पूरी प्रक्रिया सीसीटीवी कैमरों की निगरानी और कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुई ताकि पारदर्शिता बनी रहे। दान पेटियों से न केवल भारतीय मुद्रा बल्कि बड़ी संख्या में बंद हो चुके 2000 और 500 के पुराने नोट भी मिले हैं। इसके साथ ही विदेशी करेंसी, मोबाइल फोन और सोने-चांदी के असली व नकली आभूषण भी निकले हैं। भक्तों ने अपनी मनोकामनाएं पूरी करने के लिए भगवान के नाम पत्र भी लिखे हैं, जिनमें नौकरी, पारिवारिक विवाद और स्वास्थ्य संबंधी प्रार्थनाएं की गई हैं। मंदिर प्रबंधक घनश्याम शुक्ला ने जानकारी दी कि प्राप्त नगद राशि को पंजाब नेशनल बैंक और यूनियन बैंक के मंदिर खातों में जमा करा दिया गया है। विदेशी मुद्रा और आभूषणों को विधिक प्रक्रिया के तहत परिवर्तित कराकर उनका आकलन किया जाएगा। इस धन का उपयोग मंदिर की धार्मिक और जन कल्याणकारी गतिविधियों में किया जाता है। खजराना गणेश मंदिर में साल में तीन बार दान पेटियों की गिनती होती है। होलकर राजवंश द्वारा निर्मित इस मंदिर में बुधवार को सर्वाधिक भीड़ रहती है। आगामी 31 दिसंबर और नववर्ष के अवसर पर यहां देश-विदेश से भारी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है, जिसे देखते हुए प्रबंधन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं।

17वें युवा जनजाति आदान-प्रदान कार्यक्रम का शुभारंभ

# सात दिवसीय कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे देशभर के जनजातीय युवा प्रतिभागी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। केन्द्र सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित मेरा युवा भारत कार्यक्रम का आयोजन इंदौर में 17वें युवा जनजाति आदान-प्रदान कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुवार को उत्साहपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वामी विवेकानंद एवं महान जनजातीय नायक टंट्या भील के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर विधिवत उद्घाटन किया गया।**

दीप प्रज्वलन उपरांत जिला युवा अधिकारी, मेरा युवा भारत, इंदौर पंकज गोस्वामी द्वारा कार्यक्रम में महापौर पुष्यमित्र भार्गव, महापौर परिषद सदस्य बबलू शर्मा, क्षेत्रीय पार्षद नितिन शर्मा तथा उपस्थित अधिकारीगण का पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया।



इसके बाद श्री गोस्वामी ने कार्यक्रम की संपूर्ण रूपरेखा एवं उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह कार्यक्रम देश की जनजातीय युवा प्रतिभाओं के बीच सांस्कृतिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक आदान-प्रदान को सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

उन्होंने जानकारी दी कि सात दिवसीय इस आयोजन में महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, ओडिशा, मध्यप्रदेश एवं झारखंड के विभिन्न जनजातीय बहुल जिलों से आए युवा प्रतिभागी सहभागिता कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रतिदिन ज्ञानवर्धक सत्रों का आयोजन किया जाएगा तथा सायंकाल सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से विभिन्न राज्यों की लोक संस्कृति, परंपराओं एवं कला विधाओं का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त प्रतिभागियों को इंदौर शहर की ऐतिहासिक, शैक्षणिक एवं औद्योगिक पहचान से परिचित कराने हेतु राजवाड़ा, लालबाग पैलेस, डॉ. भीमराव अंबेडकर की जन्मस्थली महू, सैन्य संग्रहालय तथा औद्योगिक इकाइयों का भ्रमण भी कराया जाएगा।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने अपने संबोधन में सभी युवा प्रतिभागियों का इंदौर में स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे आदान-प्रदान कार्यक्रम राष्ट्रीय एकता एवं सांस्कृतिक समरसता को सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने प्रतिभागियों से उनके राज्यों की संस्कृति, जीवनशैली एवं परंपराओं के बारे में संवाद किया तथा इंदौर की स्वच्छता व्यवस्था, सांस्कृतिक विरासत एवं खान-पान की विशेषताओं से अवगत कराया। साथ ही उन्होंने प्रतिभागियों को इंदौर के विश्वविख्यात सराफा बाजार के भ्रमण का आमंत्रण देते हुए कहा कि वहां जाकर वे इंदौर की जीवंत संस्कृति एवं स्वादिष्ट व्यंजनों का अनुभव कर सकते हैं। कार्यक्रम के समापन अवसर पर धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया तथा जनप्रतिनिधियों, अधिकारीगण एवं सभी युवा प्रतिभागियों के साथ सामूहिक फोटो लिया गया। पूरे परिसर में वंदे मातरम् एवं भारत माता की जय के नारों से वातावरण देशभक्ति से ओतप्रोत हो गया।

मानव स्वास्थ्य से खिलवाड़ पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई

## केलोद करताल में अवैध बेकरी सील, घरेलू गैस सिलेंडर जब्त



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मानव जीवन की स्वास्थ्य सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर गुरुवार को ग्राम केलोद करताल में बड़ी कार्रवाई की गई है। कार्रवाई के दौरान अवैध रूप से संचालित बेकरी को सील किया गया तथा घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यवसायिक उपयोग पर सिलेंडर जब्त किए गए।**

एसडीएम अजय भूषण शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम केलोद करताल में नरेश गोपलानी पिता टीकमदास गोपलानी, निवासी खातीवाला टैंक इंदौर द्वारा बिना वैध लाइसेंस के बेकरी संचालित की जा रही थी।

गुरुवार को किए गए आकस्मिक निरीक्षण में एसडीएम अजय भूषण शुक्ला, नायब तहसीलदार श्रीमती प्रियंका बघेल, राजस्व निरीक्षक कैलाश चौधरी, राजेश श्रीवास्तव, पटवारी सुरेश दांगी, बालेश्वर, सैलेंद्र सिंह एवं अन्य राजस्व अमले की उपस्थिति में खाद्य विभाग के खाद्य निरीक्षक अवशेष अग्रवाल, वैशाली सिंह एवं पुष्पेंद्र द्विवेदी द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई की गई। निरीक्षण के दौरान मौके पर जंग लगे व अमानक बर्तनों में केक निर्माण किया जाना पाया गया, जो खाद्य सुरक्षा मानकों का गंभीर उल्लंघन है। साथ ही बेकरी में घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यवसायिक उपयोग भी किया जा रहा था। खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं अन्य प्रासंगिक नियमों के उल्लंघन को गंभीरता से लेते हुए अवैध फूड यूनिट को तत्काल प्रभाव से सील किया गया तथा घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। कलेक्टर शिवम वर्मा ने कहा कि जिले में जनस्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

नियमों का उल्लंघन करने वाले स्कूली वाहनों पर बड़ी कार्रवाई

## बिना परमिट संचालित दो बस जब्त, 7 स्कूली बसों पर लगाया गया जुर्माना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए स्कूली बसों के निरीक्षण की मुहिम प्रारंभ की गई है। इस मुहिम में गुरुवार को क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय के अमले द्वारा कनाड़िया क्षेत्र की स्कूली बसों की आकस्मिक जांच की गई। जांच में अनियमितताएं पाये जाने पर कार्रवाई की गई। बिना परमिट संचालित दो बसों को जब्त किया गया, इनसे 90 हजार रुपये का जुर्माना वसूल किया गया। साथ ही 7 बसों पर भी 35 हजार रुपये का जुर्माना लगाकर वसूली की गई।

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी प्रदीप शर्मा ने बताया कि इंदौर आरटीओ द्वारा कनाड़िया रोड़ क्षेत्र के स्कूली वाहनों की सघन जांच की गई। जांच में वाहनो के




परमिट, फिटनेस ,बीमा सहित सभी दस्तावेज चेक किये गए। वाहनों का निरीक्षण भी किया गया जिसमें चेक किया गया की वाहन फिटनेस शर्तों, परमिट शर्तो का उल्लंघन तो नहीं किया जा रहा है। फायर सेफ्टी उपकरण, स्पीड गवर्नर की भी जांच की गई। साथ ही बच्चों और उनके पालकों से फीडबैक भी लिया गया की वाहन चालक, वाहन को तेज गति से तो नहीं चलाते है, या वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग तो नही करते है।

स्कूली वाहनों में विभिन्न कमियां पाए जाने, मोटरयान अधिनियम के विभिन्न नियमों का उल्लंघन करने पर 7 बसों के संचालकों से 35 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। साथ ही 02 बस बिना परमिट होने से जब्त की गई, जिनसे 90 हजार रुपये वसूल किए गए। कार्यवाही निरन्तर जारी है।

इस कार्यवाही में आरटीओ इंदौर प्रदीप कुमार शर्मा, एआरटीओ राजेश गुप्ता एवं संभागीय परिवहन सुरक्षा स्क्वॉड एवं उनकी टीम उपस्थित रही। स्कूल, शैक्षणिक संस्था बसों में सुरक्षा मानकों की पूर्ति सुनिश्चित कराये जाने हेतु इंदौर जिले में स्थित स्कूली वाहनों की आकस्मिक चेकिंग अभियान निरंतर जारी रहेगा। समस्त शैक्षणिक संस्थान/स्कूल संचालकों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने वाहन पूर्ण रूप से फिट होने एवं उनके समस्त आवश्यक दस्तावेज वैध होने पर ही सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए वाहनों को संचालन किया जाना सुनिश्चित करें।

## बाल विवाह मुक्त अभियान अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला 24 दिसम्बर को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** शहर में बाल विवाह रोकथाम के प्रति जागरूकता के लिए एक दिवसीय कार्यशाला 24 दिसम्बर को आयोजित की जाएगी। इस कार्यशाला का आयोजन कलेक्टर कार्यालय इंदौर के सभाकक्ष क्रमांक-210 में सुबह 11:30 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शुरुआत 27 नवम्बर 2024 को बाल विवाह की प्रथा को समाप्त करने के उद्देश्य से की गई थी। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि अभियान के एक वर्ष पूर्ण होने पर बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की दिशा में तेजी लाने के लिए देशभर में 100 दिनों का इंटेंसिव थीम पर अभियान 27 नवम्बर से 8 मार्च 2026 तक चलेगा। इसी क्रम में अभियान का पहला फेज इंदौर में विगत 27 नवम्बर से 31 दिसम्बर तक चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत 24 दिसम्बर को जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। उक्त कार्यशाला के माध्यम से विवाह समारोह के आयोजन में सेवा देने वाले धर्मगुरु, वालेन्टियर्स, समाजसेवी, मीडियाकर्मी एवं सर्विस प्रदाता पंडित, मौलवी, टेन्ट वाला, घोडी वाला, बैण्ड वाला, गार्डन, धर्मशाला संचालक, हलवाई, प्रिन्टिंग प्रेस आदि को बाल विवाह रोकथाम के संबंध में जागरूक किया

# घर में कई दिनों से बंद थे दंपती के शव

## पत्नी बाथरूम में पड़ी मिली तो पति बिस्तर पर मृत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर में गुरुवार सुबह एक घर में पति-पत्नी के शव मिले हैं। बदबू आने पर पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस मौके पर पहुंची और घर में घुसी तो पति बेड पर और पत्नी बाथरूम में पड़ी थी। शव एक हफ्ते पुराने बताए जा रहे हैं। पड़ोसियों ने 10 दिन पहले महिला को घर से बाहर देखा था।**



पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया है। मामला इंदौर के लसूड़िया इलाके में सैटेलाइट जंक्शन का है। थाना प्रभारी तारेश सोनी के मुताबिक, मृतक का नाम कन्हैयालाल परनवाल और उनकी पत्नी का नाम स्मृति परनवाल है। बताया जा रहा है कि कन्हैया लकवाग्रस्त था। उसकी पत्नी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। रहवासियों का कहना है कि आखिरी बार महिला 26 अक्टूबर को दिखाई दी थी। पड़ोसी दो-तीन दिनों से बात कर रहे थे कि दंपती नजर नहीं आ रहे हैं। आज कुछ लोग इकट्ठा हुए और बालकनी से झांककर पहली मंजिल पर देखा तो बदबू आ रही थी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। पड़ोसी राज बहादुर यादव ने बताया कि 2015 में ये मकान बना था। 2016 में पति-पत्नी शिफ्ट हुए थे। आजमगढ़ (यूपी) के रहने वाले हैं। कन्हैयालाल परनवाल पीथमपुर में नौकरी करते थे, लेकिन बहुत पहले नौकरी छोड़ दी थी। सिर्फ किराना और सब्जी लेने के लिए बाहर निकलते थे। 10 दिन पहले एसआईआर वाले आए थे, उसके पहले उनकी पत्नी यहां खड़े दिखी थीं। कन्हैयालाल को छह माह पहले लकवा लग गया था। कोई रिलेटिव कभी नहीं आया। वे दूसरों से रिलेशन भी नहीं रखते थे। पेपर वाला, दूध वाला और एसआईआर वाले भी दो बार आए पर वे बाहर निकल ही नहीं रहे थे।

**डॉक्टर से मारपीट**

## कार रोककर दो युवकों ने लोहे की रॉड से किया हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** विजयनगर इलाके में एक डॉक्टर के साथ दो युवकों ने मारपीट कर दी। आरोपियों ने पहले कार को हाथ देकर रुकवाया और फिर डॉक्टर की बेरहमी से पिटाई कर दी। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

पुलिस के अनुसार, 62 वर्षीय डॉक्टर शिवकुमार यादव, निवासी बीजी विजयनगर की शिकायत पर बुधवार को बाइक सवार दो युवकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। शिवकुमार यादव ने बताया कि वह कार नंबर केए32झेड1524 से स्काय स्पर्श अस्पताल से अपने घर लौट रहे थे। दूरसंचार कॉलोनी के पास बाइक सवार युवकों ने उनकी कार के सामने बाइक खड़ी कर रास्ता रोक लिया और हाथ के इशारे से बाहर आने को कहा। जब डॉक्टर कार से बाहर नहीं आए तो दोनों युवक गाली-गलौज करने लगे। इसी दौरान एक युवक ने लोहे की रॉड निकाली और कार के सामने की ओर वार कर दिया, जिससे ड्राइवर साइड का शीशा टूट गया। इसके बाद वह दरवाजे के पास आकर कार के अंदर की ओर रॉड से हमला करते हुए बाहर निकलने का दबाव बनाने लगा। मारपीट के दौरान रॉड रोकने की कोशिश में डॉक्टर के हाथों में कई जगह चोटें आईं। बचाव के लिए डॉक्टर के शोर मचाने पर आसपास के लोग एकत्र हो गए। इस पर दोनों युवक जान से मारने की धमकी देकर बाइक से फरार हो गए। हड़बड़ी के कारण डॉक्टर बाइक का नंबर नहीं देख सके। बाद में उन्होंने परिजन को सूचना दी और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

## आकस्मिक निरीक्षण में सुरक्षा मानकों का उल्लंघन पाये जाने पर संजय फायर वर्क्स का फटाका गोदाम सील

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशानुसार इंदौर जिले में फटाका विक्रेताओं एवं निर्माताओं के संस्थानों की आकस्मिक जांच निरंतर की जा रही है। जांच के दौरान अनियमितताएं एवं सुरक्षा मापदंडों के उल्लंघन पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जा रही है।**



इसी क्रम में गुरुवार को अनुभाग बिचौली हप्सी के ग्राम केलोद करताल स्थित संजय फायर वर्क्स (लाइसेंसधारी—संजय पिता होथचंद बालचंदानी) के फटाका गोदाम का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण एसडीएम अजय भूषण शुक्ला, नायब तहसीलदार श्रीमती प्रियंका बघेल, राजस्व निरीक्षक कैलाश चौधरी, राजेश श्रीवास्तव, पटवारी सुरेश दांगी, शैलेन्द्र सिंह, बालेश्वर चौधरी सहित अन्य राजस्व अमले की उपस्थिति में किया गया। निरीक्षण के दौरान फटाका गोदाम में सुरक्षा संबंधी गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। गोदाम में उपलब्ध अग्नि शमन यंत्र एक्सपायर्ड एवं टूटे-जर्जर अवस्था में पाए गए। साथ ही भंडारण क्षमता से अधिक मात्रा में फटाकों का भंडारण भी पाया गया। प्रथम दृष्टया सुरक्षा मानकों में गंभीर उल्लंघन पाए जाने पर संजय होथचंदानी की उपस्थिति में फटाका गोदाम को सील कर दिया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## सोनम का दावा-'मैं शादी से खुश थी':राज कुशवाह से भाई-बहन जैसे रिश्ते

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर के बहुचर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड में एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। मामले की मुख्य आरोपी और राजा की पत्नी सोनम की जमानत याचिका शिलॉन्ग कोर्ट में दायर किए जाने की पुष्टि हुई है। इसकी जानकारी सोनम के भाई गोविंद ने दी है।**

जमानत याचिका में सोनम ने खुद को निर्दोष बताते हुए कहा है कि वह शादी से खुश थी। उसने राज कुशवाह के साथ अपने संबंधों को भाई-बहन जैसा बताया है। सोनम के भाई गोविंद के मुताबिक, उन्हें जमानत याचिका दायर होने की सूचना तो मिली है, लेकिन याचिका की शर्तों और कोर्ट की कार्यवाही की विस्तृत जानकारी नहीं है। उन्होंने वहां के वकील से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन बात नहीं हो सकी। इधर, मृतक राजा रघुवंशी के भाई विपिन रघुवंशी ने आरोप लगाया है कि सोनम की जमानत याचिका के पीछे उसके परिवार के लोग मदद कर रहे हैं। बता दें कि राजा रघुवंशी हत्याकांड में सोनम सहित चार आरोपी फिलहाल जेल में बंद हैं। मामले में कुछ गवाहों के बयान दर्ज हो चुके हैं, जबकि अन्य के बयान अभी होना बाकी हैं। नवंबर में राजा के भाई विपिन रघुवंशी दो बार शिलांग कोर्ट में उपस्थित होकर बयान दर्ज करा चुके हैं। ऐसे समय में सोनम की जमानत याचिका लगाए जाने की जानकारी मिलने के बाद राजा के परिवार में गहरा रोष है। परिवार का कहना है कि जब तक पूरे तथ्य सामने न आ जाएं, तब तक जमानत का प्रयास न्याय प्रक्रिया को प्रभावित कर सकता है।

## आजाद नगर में युवक ने की आत्महत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** आजाद नगर क्षेत्र में रहने वाले एक युवक ने बुधवार रात आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पहले युवक ने अपनी प्रेमिका से फोन पर बात की थी। देर रात जब भाई उसे देखने कमरे पर पहुंचा, तो युवक फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मोबाइल जब्त करते हुए मर्ग कायम किया और शव को पोस्ट मार्टम के लिए मर्चुरी भेजकर जांच शुरू कर दी है। आजाद नगर पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान शुभम (19) पुत्र रंजीत कोशल निवासी शांतिनगर के रूप में हुई है। शुभम केटरिंग का काम करता था। बुधवार रात करीब 11 बजे उसके भाई दीपक ने उसे कमरे में फंदे पर लटका देखा। भाई दीपक ने पुलिस को बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ अलग कमरे में रहता है। बुधवार को मां और भाई ने शुभम से कहा था कि वह खाना उनके यहां आकर खाए। रात करीब 9 बजे शुभम मां को लेकर कमरे पर आया था। कुछ देर बाद उसने दीपक से 100 रुपए लिए और बाहर चला गया, लेकिन इसके बाद खाना खाने नहीं लौटा। काफी देर तक कॉल करने के बावजूद जब शुभम ने फोन नहीं उठाया तो दीपक ने पास में रहने वाली एक महिला पड़ोसी को कॉल कर उसके बारे में पूछा। महिला ने बताया कि शुभम के कमरे का दरवाजा अंदर से बंद है और आवाज देने पर भी उसने नहीं खोला, शायद सो रहा होगा। इसके बाद दीपक अपनी मां को छोड़ने गया। लौटते समय जब उसने कमरे में अंदर झांककर देखा, तो शुभम फंदे पर लटका हुआ मिला। घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। पुलिस ने मृतक का मोबाइल जब्त किया है।

## संस्था "आदित्य "द्वारा आयोजित आइकोनिक फैशन शो & एक्सीलेंस अवार्ड नाईट व पत्रकार सम्मान समारोह में "वाह वाह क्या बात है "फेम अंजली गुप्ता भी प्रस्तुति देगी

### वरिष्ठ चार्टड अकाउंटेंट, लेखक, विचारक एवं रेडियो आर्टिस्ट सीए दिलीप नीमा को किया जायेगा एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित



फेमस कवि व एंकर शैलेश लोढ़ा जी के 'वाह वाह क्या बात है 'फेम कवियत्री अंजली गुप्ता



वरिष्ठ चार्टड अकाउंटेंट, लेखक,विचारक एवं रेडियो आर्टिस्ट सीए दिलीप नीमा।

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** आगामी 10 जनवरी को एयरपोर्ट रोड स्थित बाबाश्री गार्डन &रिसोर्ट में एक भव्य आयोजन संस्था 'आदित्य'के तत्वाधान में किया जा रहा है। जिसमें कई प्रमुख जन नेता,कई प्रमुख हस्तियां, वरिष्ठ पत्रकार, बॉलीवुड कलाकार,खिलाड़ी,व प्रदेश का नाम गौरवान्वित करने वालो को विशेष तौर पर सम्मानित किया जाएगा।इस अवसर पर प्रमुख हिन्दी अखबार 'आदित्य की आवाज'के विशेषांक का भी विमोचन होगा। इस अवसर पर ट्रेडिशनल थीम पर एक फैशन शो का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें शहर की युवतियो व महिलाओं द्वारा 'भारत की अनेकता में एकता'की थीम पर विभिन्न प्रदेशों की वेशभूषा में विशेष प्रस्तुति भी दी जाएगी और स्कूली बच्चों की भी सामूहिक स्वर गान की प्रस्तुति के साथ कलाकारो द्वारा कत्थक नृत्य की भी शानदार प्रस्तुति दी जायेगी। इस अवसर पर 'वाह वाह क्या बात है 'फेम शिवपुरी की प्रमुख कवियत्री अंजली गुप्ता की भी विशेष प्रस्तुति दी जायेगी।कार्यक्रम में कई फेमस संगीत कलाकारों की भी प्रस्तुति होगी साथ ही रंगारंग कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील जितेंद्र मोर्य,राकेश गुप्ता, राजेश खंडेलवाल, संजीव शर्मा आदि ने की हैं।

# मोबाईल फॉरेसिंक वैन से अपराध अनुसंधान तकनीकी होगी सुदृढ़

## मुख्यमंत्री ने मोबाईल फॉरेंसिक वैन को झंडी दिखाकर किया रवाना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में अपराध अनुसंधान, साक्ष्य संकलन एवं वैज्ञानिक विवेचना की क्षमता को सुदृढ़ करने के लिए तैयार की गई मोबाइल फॉरेंसिक वैनों को पुलिस मुख्यालय भोपाल से झंडी दिखाकर रवाना किया।

उन्होंने कहा कि मोबाईल फॉरेंसिंक वैन मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों में सीन ऑफ क्राइम के इनवेस्टीगेशन में अत्याधिक कारगर साबित होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में पुलिस विभाग द्वारा की गई यह पहल फॉरेंसिक-आधारित, त्वरित और सटीक विवेचना को बढ़ावा देगी, जिससे अपराधों के शीघ्र खुलासे, दोषसिद्धि दर में वृद्धि और नागरिकों



में सुरक्षा का भरोसा और सुदृढ़ होगा।

मध्यप्रदेश पुलिस को कुल 57 मोबाईल फॉरेंसिक वैन उपलब्ध कराई जा रही हैं। इनकी लागत 36 करोड़ 94 लाख 17 हजार 969 रुपए है। राशि केंद्र सरकार द्वारा प्रदाय की गई है। इनमें से 14 मोबाईल फॉरेंसिक वैन 16 दिसंबर 2025 को प्राप्त हुई है, जिन्हें रवाना किया गया है। शेष मोबाईल फॉरेंसिक वैन भी शीघ्र ही जिलों को उपलब्ध कराई जाएंगी।

मोबाईल फॉरेंसिक वैन अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित हैं, जिनमें स्टीरियो माइक्रोस्कोप, वेइंग बैलेंस, डीएसएलआर कैमरा, मिनी फ्रिज, एलईडी टीवी स्क्रीन, थर्मल प्रिंटर, बॉडी-वॉर्न कैमरा सहित आवश्यक उपकरण शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, वैनों में जांच किट, अपराध स्थल सुरक्षा किट, फिंगर प्रिंट, रक्त व बाल पहचान, हाई-इंटेंसिटी फॉरेंसिक लाइट सोर्स, पैर व टायर निशान, आगजनी, साक्ष्य पैकिंग, बुलेट होल, गनशॉट अवशेष, नशीले पदार्थ, विस्फोटक पहचान तथा डीएनए कलेक्शन एवं चेन ऑफ कस्टडी से संबंधित किट भी उपलब्ध हैं।

# जिस प्रेमी के लिए घर छोड़ा, वो शादीशुदा निकला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा, एजेंसी। खंडवा में शादी का झांसा देकर एक युवती से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। युवती ने जिस प्रेमी के लिए अपना घर छोड़ दिया, वह शादीशुदा निकला।**

मामले का खुलासा तब हुआ, जब युवती अपने प्रेमी के साथ उसी के घर में लिव-इन रिलेशनशिप में रहने लगी। इसी दौरान मायके गई प्रेमी की पत्नी वापस लौट आई। वह अपने साथ एक बच्चे को भी लाई, जो प्रेमी का ही था। प्रेमी के घर में उसकी पत्नी और बच्चे को देखकर युवती ने विरोध जताया। इस पर प्रेमी ने कबूल किया कि उसने प्रेम जाल में फंसाने के लिए झूठ बोला था कि वह अविवाहित है। युवती ने जब कहा कि वह एक शादीशुदा शख्स के साथ शादी नहीं कर सकती, तो प्रेमी ने कहा- 'मुझे तुमसे कोई परेशानी नहीं है, लेकिन मैं दूसरी शादी के लिए अपनी पहली पत्नी और बच्चे को नहीं छोड़ सकता।' इस बात को लेकर युवती और उसके प्रेमी के बीच काफी कहासुनी हुई। बाद में प्रेमी ने उसे खंडवा जाने वाली बस में बैठा दिया। युवती अपने घर लौटी और परिजनों को पूरी आपबीती सुनाई। इसके बाद थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। मामला थाना छैगांवमाखन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली देशगांव चौकी के एक आदिवासी बहुल गांव का है। आदिवासी समाज की 28 वर्षीय युवती ने केस दर्ज कराया है।

# भोपाल में 20 दिसंबर से दौड़ेगी मेट्रो

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी**। भोपाल में मेट्रो ट्रेन का उद्घाटन 20 दिसंबर की शाम को होगा। मिंटो हॉल में आयोजित उद्घाटन समारोह में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, सीएम मोहन यादव समेत जानी-मानी हस्तियां शामिल होंगी। केंद्रीय मंत्री खट्टर और सीएम यादव सुभाष नगर स्टेशन से मेट्रो में बैठेंगे और एम्स तक जाएंगे। यहां प्रेस कॉन्फ्रेंस होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रिकॉर्डेड वीडियो मैसेज जारी किया जाएगा। 21 दिसंबर से आम लोग मेट्रो में सफर कर सकेंगे। इसका संचालन सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक होगा। रोज 17 ट्रिप चलेंगी। शुरुआती चरण में मेट्रो एम्स स्टेशन से सुभाष नगर स्टेशन तक जाएगी। न्यूनतम किराया 20 रुपए और अधिकतम किराया 70 रुपए तय किया गया है।मेट्रो प्रबंधन ने साफ किया है कि फ्री किराए वाला इंदौर मॉडल, भोपाल में लागू नहीं किया जाएगा। यात्रियों को किसी भी तरह की मुफ्त यात्रा या किराए में छूट नहीं मिलेगी।

# माथे पर गहरा जख्म लिए 3 दिन से लापता 'द हल्क' टाइगर!

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**पन्ना, एजेंसी**। मध्य प्रदेश के पन्ना टाइगर रिजर्व का सबसे दबंग व गर्वीला बाघ P-243 3 दिन से जंगल में गुम है। हाथी दल सहित चार टीमें जंगल में सर्चिंग कर रही हैं, लेकिन घायल टाइगर की लोकेशन नहीं मिल सकी है। बता दें कि 'द हल्क' और 'गॉडफादर' के नाम से प्रसिद्ध यह टाइगर पर्यटकों का खासा चहेता रहा है। अपनी साथी बाघिन की मौत के बाद, अपने शावकों को पालने के बाद यह चर्चा में आया था।



पन्ना टाइगर रिजर्व का 'द हल्क टाइगर' P-243 के माथे पर गहरा सुराख जैसा घाव हो गया है। घाव काफी बड़ा और जानलेवा हो गया था। PTR के डॉक्टर्स की टीमें टाइगर का पिछले कई दिनों से इलाज कर रहीं थी। उसे डॉट के माध्यम से एंटीबायोटिक दी जा रहीं थी। लेकिन अब जानकारी आ रही है कि यह बाघ टीमों को दो दिन से जंगल में गुम हो गया। टीमों को दो दिन से तमाम प्रयास के बावजूद वह दिखा नहीं है। सूत्रों के मुताबिक P-243 बाघ का वन्य प्राणी विशेषज्ञ डॉक्टर हाथी दल के माध्यम से लगातार इलाज कर रहे थे। उसे डॉट के माध्यम से दवाएं व एंटीबायोटिक इंजेक्शन भी दिए जा रहे थे, ताकि घाव भर सकें। सूत्र बताते हैं कि दो-तीन दिन से टीमें टाइगर को इलाज के लिए जंगल में तलाश रही हैं, लेकिन यह बाघ मिल नहीं रहा है।

# 474 पदों पर सीधी-भर्ती 24 दिसंबर से आवेदन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी**। मध्यप्रदेश के युवाओं के लिए सरकारी नौकरी का बड़ा अवसर सामने आया है। मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल (MPESB) ने राज्य के मेडिकल कॉलेजों, स्वास्थ्य संस्थानों, निगमों और विभागीय कार्यालयों में 474 पदों पर सीधी भर्ती की प्रक्रिया शुरू कर दी है। आवेदन 24 दिसंबर 2025 से शुरू होंगे, अंतिम तिथि 7 जनवरी 2026 है, जबकि आवेदन में संशोधन 12 जनवरी 2026 तक किया जा सकेगा। यह भर्ती ग्रुप-1 सब-ग्रुप-2 भर्ती परीक्षा 2025 के तहत आयोजित की जा रही है। इस भर्ती में मेडिकल सोशल वर्कर, फिजियोथेरेपिस्ट, क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट, लैब टेक्नीशियन, डेटा एंट्री ऑपरेटर, सहायक अस्पताल प्रबंधक, ट्यूटर, असिस्टेंट प्रोफेसर सहित कई पद शामिल हैं। सभी पदों पर चयन लिखित परीक्षा के माध्यम से किया जाएगा।

# पुलिस के बारे में जनसामान्य की धारणा बदलने और पुलिस के जनता से बेहतर संवाद के लिए विशेष पहल की आवश्यकता : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

- वरिष्ठ अधिकारी आकस्मिक निरीक्षण जैसी गतिविधियां तत्काल आरंभ करें



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश की धरती से नक्सलवाद को उखाड़ फेंकने के लिए पुलिस फोर्स को बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस मोर्चे पर अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि 17 दिसंबर के विधानसभा के विशेष सत्र में भी पुलिस फोर्स की सराहना हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नक्सलवाद से प्रभावित रहे क्षेत्रों में विकास और जनकल्याण की गतिविधियां इस प्रकार संचालित की जाएं, ताकि नक्सलवाद पुनः अंकुरित ना हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव पुलिस मुख्यालय में पुलिस महानिदेशक-महा निरीक्षक सम्मेलन वर्ष 2025 को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अपने प्रभार के क्षेत्रों में आकस्मिक निरीक्षण जैसी गतिविधियां तत्काल आरंभ करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के पुलिस मुख्यालय आगमन पर उन्हें गार्ड आफ ऑनर दिया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सलामी गारद का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाना तथा वरिष्ठ अधिकारियों ने स्वागत किया। बैठक में मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव गृह श्री शिवशेखर शुक्ला, तथा वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में आरंभ हुई कान्फ्रेंस में पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाना ने बताया कि यह कान्फ्रेंस, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में 'विकसित भारतः सुरक्षा आयाम' विषय पर रायपुर में हुऐ पुलिस महानिदेशक- महानिरीक्षकों के अखिल भारतीय सम्मेलन के निर्देश और क्रियात्मक बिंदुओं के प्रदेश में क्रियान्वयन की समीक्षा के लिए आयोजित की गई है। उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय सम्मेलन में आंतरिक सुरक्षा और कानून व्यवस्था, पुलिस आधुनिकीकरण, महिला सुरक्षा, पुलिस थाना परिसरों के पुनर्विकास, सिंहस्थ-2028 और साइबर इनीशिएटिव्स, पुलिसिंग में तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग, नवीन कानूनों के प्रचार- प्रसार, कम्युनिटी पुलिसिंग, आपदा प्रबंधन में पुलिस की भूमिका, नशा-मुक्ति के लिए किए जा रहे प्रयासों, टूरिस्ट पुलिसिंग, फॉरेंसिक साइंस, साइबर अपराधों की रोकथाम और सड़क सुरक्षा आदि विषयों पर राज्य शासन से अपेक्षाओं के संबंध में विचार-विमर्श हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्तमान युग में सोशल मीडिया अत्यंत शक्तिशाली साधन होने के साथ-साथ गंभीर चुनौती बनकर उभरा है। इसके दुरुपयोग से अफवाह, अपराध और भ्रम फैलाने की संभवनाएं भी बढ़ी हैं। इसलिए आवश्यक है कि हम सोशल मीडिया की शक्ति का सकारात्मक और रचनात्मक सामग्री के उपयोग करें। किसी भी भ्रामक या उकसाऊ सामग्री को समय रहते पहनाकर उस पर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करना आज की आवश्यकता है। इसके साथ ही सोशल मीडिया के युग में पुलिस से त्वरित सहायता की अपेक्षा भी जनसामान्य में बढ़ी है।

# संपादकीय

## ढाका में गहराता 'हिंदू' संकट और दिल्ली की चुनौती

बांग्लादेश को लेकर भारत के सामने 1971 के बाद सबसे बड़ा रणनीतिक और राजनयिक संकट खड़ा हुआ है। यह चिंता विदेश मामलों पर संसद की समिति ने अपनी रिपोर्ट में जाहिर की है। कई मायनों में देखा जाए तो अभी बांग्लादेश में जिस तरह के हालात बन चुके हैं, उतनी बुरी स्थिति का सामना भारत को शायद बांग्लादेश मुक्ति आंदोलन के दौरान भी नहीं करना पड़ा था। कांग्रेस सांसद शशि थरूर की अगुवाई वाली समिति की रिपोर्ट से निकली बातों के विश्लेषण से पता चलता है कि बांग्लादेश में जारी हिंसा की वजह से भारत के सामने पांच बड़े और गंभीर संकट खड़े हुए हैं, जिनसे निपटना बहुत बड़ी चुनौती है। संसदीय समिति की रिपोर्ट में कहा गया है कि 'अवामी लीग का दबदबा खत्म होने, युवाओं की अगुवाई वाला राष्ट्रवाद बढ़ने, इस्लाम के प्रभुत्व के फिर से प्रवेश करने और चीनी और पाकिस्तानी ताकतों का प्रभाव बढ़ना एक टर्निंग प्वाइंट साबित हुआ है।' रिपोर्ट के अनुसार, 'अगर भारत इस समय खुद को फिर से स्थापित करने में नाकाम रहता है, तो ढाका में युद्ध की वजह से नहीं,अप्रासंगिक होने से रणनीतिक जगह खोने का खतरा है।'बांग्लादेश में बिगड़े हालात के शिकार असल में अल्पसंख्यक और खास तौर पर हिंदू हो रहे हैं। हाल ही में वहां 75 साल के एक बुजुर्ग हिंदू स्वतंत्रता सेनानी और उनकी 60 साल की पत्नी की बेरहमी से हत्या कर दी गई। कहने का मतलब हिंदुओं पर हमले रुक नहीं रहे हैं और भारत के सामने इसपर हर हाल में लगाम लगाने की चुनौती है। पैनल की रिपोर्ट में भी अल्पसंख्यकों पर लगातार हमले, उनके धर्म स्थलों, सांस्कृतिक संस्थानों को निशाना बनाए जाने को लेकर चेतावनी दी गई है। इसके अनुसार इस साल 18 मई,2025 तक ही अल्पसंख्यकों पर 2,446 हमले का आधिकारिक डेटा मौजूदा था। इसे बाद न जाने कितने अल्पसंख्यों की दुनिया उजाड़ दी गई होगी। इसपर भारत बार-बार चिंता जता रहा है, लेकिन बांग्लादेश की मौजूदा मोहम्मद यूनुस सरकार ने इसे लगभग अनसुना कर रखा है। बांग्लादेश में जब से सियासी बदलाव हुआ है, भारत ने उसको लेकर पहले की तरह सकारात्मक, प्रगतिशील,दोनों देशों के लिए लाभदायक और भविष्य को लेकर रणनीति जारी रखने की कोशिश की है। हर मोर्चे पर अंतरिम सरकार के साथ चलने का प्रयास किया है। लेकिन, वहां जिस तरह के राजनीतिक बदलाव हुए हैं, उससे भारत की कोशिशों के बावजूद हालात बिगड़ते ही गए हैं। समिति ने इसको लेकर चिंता जताते हुए, जिस बात का जिक्र किया है, उसमें नेशनल सिटीजन पार्टी नाम के छात्रों के एक नए सियासी संगठन के पैदा होने, जमात-ए-इस्लामी को फिर से रजिस्ट्रेशन मिल जाने और शेख हसीना की अवामी लीग को चुनाव के लिए प्रतिबंधित कर देना शामिल है। यह तीनों ही चीजें भारत के लिए मुनासिब नहीं लग रहे हैं और कूटनीतिक रिश्तों के लिए संकट पैदा करने वाले हैं।

## महिला जगत

68th National Shooting Championship

# किसान की बेटी ने पाई बड़ी उपलब्धि, तनुश्री तोमर ने जीता गोल्ड




68 वीं राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता में अलीगढ़ की निशानेबाज तनुश्री तोमर ने पिस्टल स्पर्धा में गोल्ड पर निशाना साधा और पदक हासिल किया। तनुश्री तोमर के पदक जीतने पर अलीगढ़ के खेल प्रेमियों में खुशी की लहर छा गई।

नई दिल्ली की डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज में 68वें राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता पिस्टल का आयोजन किया गया। किसान सुमित तोमर की 19 वर्षीय बेटी तनुश्री तोमर ने प्रतियोगिता में भाग लिया। 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल इवेंट में उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता।

निशाना लगाती तनुश्री तोमरतनुश्री तोमर के पिता सुमित तोमर ने खेती कर बेटी को इस मुकाम पर पहुंचाने के लिए अथक परिश्रम किया। शुरूआती वर्षों में उन्होंने तनुश्री को अलीगढ़ में हीं प्रैक्टिस करवाई। उसकी प्रतिभा को पहचानकर उसको दिल्ली में कोच जसपाल राणा के पास पहुंचाया, जिनकी देख रेख में तनुश्री ने ये बड़ी उपलब्धि हासिल की।

# घर संभालने वाली सुशीला बनीं उद्यमी गांव की महिलाओं के लिए बनीं मिसाल

मिर्जापुर जिले के पिपरवा गांव की 28 वर्षीय सुशीला देवी का जीवन कुछ साल पहले तक घरेलू जिम्मेदारियों और तंगी के बीच उलझा था। किसान परिवार में जन्मी सुशीला ने मुश्किलों के बावजूद इंटर तक पढ़ाई तो कर ली थी, लेकिन आगे बढ़ने का रास्ता नहीं दिखता था। पति की निजी नौकरी से मिलने वाली सीमित कमाई में घर का खर्च, बच्चों की पढ़ाई और बेहतर भविष्य, सब कुछ एक ही आय पर टिका था। लेकिन हालात तब बदले, जब सीएम योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए चल रहे कार्यक्रमों की जानकारी सुशीला तक पहुंची। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और डेवलपमेंट अल्टरनेटिव्स संस्था की टीम उनके गांव तक पहुंची और महिलाओं को बताया कि वे भी अपना व्यवसाय खड़ा कर सकती हैं। उनके भीतर क्षमता है। बस जरूरत है सही मार्गदर्शन की।

**धीरे-धीरे हाथों की बनाई ज्वेलरी आसपास के बाजार में पसंद की जाने लगी-** एक सामूहिक बैठक में जब ज्वेलरी



बनाने के प्रशिक्षण की बात चली, तो सुशीला ने झिझकते हुए शुरुआत की। परिवार की जिम्मेदारियों, कम संसाधनों और गांव में उनके भीतर कुछ नया सीखने की चाह हमेशा से थी। उन्होंने कस्टम ज्वेलरी बनाने का प्रशिक्षण लिया। फिर स्वयं सहायता समूह से 15,000 का ऋण लेकर छोटा सा उद्यम शुरू किया। धीरे-धीरे उनके हाथों की बनाई ज्वेलरी आसपास के बाजार में पसंद की जाने लगी। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और संस्था की टीम ने उन्हें खरीदारों से जोड़कर मार्केट लिंकिंग की कमी भी दूर कर दी।

**घर का खर्च संभालने में पति की बराबर की सहभागी बनीं, बच्चों का अच्छे स्कूल में दाखिला-** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के सहयोग से अब सुशीला की आय बढ़कर 15,000 रुपए हो गई। उन्होंने गांव की अन्य महिलाओं को भी रोजगार दिया। कुछ ही महीनों में सुशीला का आत्मविश्वास बढ़ता गया। पहले जहां उनकी स्वयं की कोई आय नहीं थी, वहीं अब उनकी मासिक आमदनी 15,000 तक पहुंच चुकी है। आज गांव की अन्य महिलाएं उनके साथ काम कर रही हैं, जिससे उनके भी घरों का खर्च आसानी से चल रहा है। अपनी बढ़ती कमाई से ही सुशीला ने अपने बच्चों का अच्छे स्कूल में दाखिला करवाया। अब वे घर का खर्च संभालने में पति की बराबर की सहभागी बन गई हैं।

**सही मार्गदर्शन मिले तो हम भी अपना भविष्य खुद गढ़ सकते हैं : सुशीला-** सुशीला कहती हैं, "पहले लगता था कि गांव की महिलाएं बस घर तक सीमित रहती हैं, लेकिन आज समझ आया कि सही मार्गदर्शन मिले तो हम भी अपना भविष्य खुद गढ़ सकते हैं।" उनकी यह मुस्कान और हौसला गांव की कई और महिलाओं के सपनों को नया आकार दे रहा है।

New Delhi

# बेटे को मरने देने की अर्जी लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचे पिता, केस देखकर जज दुखी, खुद करेंगे मुलाकात

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि पिछले 12 साल से मरणासन्न स्थिति में पड़े 31 साल के युवक को हम इस हालत में नहीं छोड़ सकते। शीर्ष अदालत ने एम्स की ओर से युवक चिकित्सा रिपोर्ट को दुखद बताते हुए शीर्ष अदालत ने यह टिप्पणी की है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और केवी विश्वनाथन की पीठ ने युवक के पिता की ओर से इलाज रोककर यानी जीवन रक्षक सपोर्ट हटाकर प्राकृतिक रूप से मरने के लिए छोड़ देने की अनुमति देने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई कर रही है।

एम्स के डॉक्टरों की सेकेंडरी मेडिकल बोर्ड द्वारा पेश



मेडिकल हिस्ट्री वाली रिपोर्ट पर विचार करने के बाद पीठ ने कहा कि 'यह बहुत दुखद रिपोर्ट है। हम इस लड़के को इस हालत में नहीं रख सकते।' हालांकि पीठ ने कहा कि इस मामले में कोई भी अंतिम आदेश पारित करने से पहले, हम युवक के माता-पिता से मिलना चाहेंगे। इसके साथ ही पीठ ने युवक के माता-पिता को 13 जनवरी को दोपहर 3 बजे मीटिंग तय की।

वर्ष 2013 में एक मकान के चौथी मंजिल से गिरने के बाद 31 साल के हरीश राणा पिछले करीब 12 साल से वेजिटेटिव स्टेट में है। यह एक ऐसी अवस्था है, जिसमें व्यक्ति जाग तो रहा होता है (आंखें खुली होती हैं), लेकिन उसमें जागरूकता या सचेत प्रतिक्रियाओं का अभाव होता है। यह कोमा से अलग होता है।

Bihar

## प्रॉपर्टी का लालच और रिश्ते का खून..., हैवान बने बेटे ने पिता को लाठी से पीट-पीटकर ले ली जान



**आरा, (एजेंसी)** बिहार के आरा से एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है, जहां एक कलयुगी बेटे ने संपत्ति विवाद में अपने ही पिता की लाठी-डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी. इस दिल दहला देने वाली घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है, जबकि आरोपी वारदात को अंजाम देने के बाद से फरार है. पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है.

घटना गुरुवार देर रात नगर थाना क्षेत्र के इब्राहिम नगर स्थित आमीर टोला मोहल्ले की है. मृतक की पहचान 62 वर्षीय सतिन्द्र नाथ प्रसाद के रूप में हुई है. बताया जा रहा है कि सतिन्द्र नाथ प्रसाद पहले पटना में प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड के तौर पर कार्यरत थे और हाल के दिनों में आरा स्थित अपने घर पर रहकर चाय की दुकान चला रहे थे. परिजनों के अनुसार, मृतक का बड़ा पुत्र सिमरदीप उर्फ राजू लंबे समय से जमीन-जायदाद को लेकर अपने पिता से विवाद करता आ रहा था. गुरुवार की शाम भी जमीन के बंटवारे और संपत्ति अपने नाम कराने को लेकर पिता-पुत्र के बीच कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते हिंसक झगड़े में बदल गई. इसी दौरान आरोपी बेटे ने लाठी-डंडे से अपने पिता पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई. घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए आरा सदर अस्पताल भेज दिया.

Maharashtra

## नशीली दवा मिलाकर रेप करता था

**मुंबई, (एजेंसी)** मुंबई की कुरार पुलिस ने एक ऐसे शातिर अपराधी को दबोचा है जिसने मानवता की सारी हदें पार कर दीं. आरोपी नाबालिग लड़कियों को अपनी जाल में फंसाकर उन्हें नशीला पदार्थ पिलाता था और फिर उनके साथ दुष्कर्म कर वीडियो वायरल करने की धमकी देता था. पुलिस ने शिकायत मिलने के महज 6 घंटे के अंदर ही आरोपी को सलाखों के पीछे भेज दिया. पुलिस जांच में आरोपी महेश रमेश पवार (45 वर्ष) की करतूतों का काला चिट्ठा सामने आया है. आरोपी लड़कियों को बहला-फुसलाकर कोल्ड ड्रिंक पिलाता था, जिसमें पहले से नशे की गोलियां मिली होती थीं. बेहोशी की हालत में वह उनके साथ दुष्कर्म करता और उसका वीडियो बना लेता था. बाद में इन्हीं वीडियो के जरिए वह पीड़िताओं को बार-बार शोषण के लिए मजबूर करता था. आरोपी की क्रूरता यहीं खत्म नहीं हुई. उसने एक दिव्यांग पीड़िता का वीडियो 'दिव्यांग व्हाट्सएप ग्रुप' में ही शेयर कर दिया. इसी घटना के बाद 13 दिसंबर को शिकायत दर्ज होते ही वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक संजय तावड़े के मार्गदर्शन में डिटेक्शन टीम सक्रिय हुई.

Chhattisgarh

## आदिवासी-ईसाई समुदाय भिड़े, चर्च में लगाई आग

कांकेर जिले के आमाबेड़ा क्षेत्र के बड़े तेवड़ा गांव में शव दफनाने को लेकर आदिवासी और धर्मांतरित समुदाय के बीच हिंसक झड़प हो गई। गुरुवार को आदिवासी समाज के लोग ईसाइयों को डंडे मारकर भगा रहे थे। इसके जवाब में धर्मांतरित समुदाय के लोगों ने आदिवासी समाज के लोगों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा।



इस गुस्साए आदिवासियों ने सरपंच के घर में तोड़फोड़ कर दी। इसके बाद आदिवासी समाज के लोगों ने गांव के चर्च में आग लगा दी। ग्रामीण इसके बाद भी नहीं रुके। 3 हजार से ज्यादा की भीड़ आमाबेड़ा पहुंच गई। यहां भी एक चर्च को आग के हवाले कर दिया। भीड़ तीसरी चर्च को फूंकने आगे बढ़ रहे थे। इस दौरान पुलिस ने लाठीचार्ज किया। घटना में कई ग्रामीण, कवरेज कर रहे कुछ पत्रकार और ASP अंतागढ़ आशीष बंशोड़ और DIG तुकाराम कांबले भी घायल हुए। इलाके में धारा 144 लागू की गई है। दरअसल, विवाद तब शुरू हुआ जब गांव के सरपंच रजमन सलाम के पिता चमरा राम की मृत्यु के बाद उनका शव गांव में ही दफना दिया गया। सरपंच के परिवार ने धर्म परिवर्तन किया था, जिससे ग्रामीण आक्रोशित थे।

खेल

# टी20 सीरीज अपने नाम करने उतरेगा भारत, बुमराह की होगी वापसी

### संजू सैमसन का खेलना तय?

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच शुक्रवार को पांच मैचों की टी20 सीरीज का आखिरी मुकाबला अहमदाबाद में खेला जाएगा। भारतीय टीम इस सीरीज में फिलहाल 2-1 से आगे चल रही है। भारत के पास वनडे के बाद टी20 सीरीज जीतने का भी अच्छा अवसर है। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच लखनऊ में खेला जाने वाला चौथा मुकाबला कोहरे के कारण रद्द हो गया था।

यह सुनिश्चित है कि भारत अब इस सीरीज को हार नहीं सकता है जो मुख्य कोच गौतम गंभीर के लिए राहत की बात होनी चाहिए क्योंकि टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं। कुछ समय पहले तक विश्व के नंबर एक खिलाड़ी रहे सूर्यकुमार की फॉर्म भारत के




लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय है। उन्होंने टी20 में इस साल 20 मैचों में 18 पारियों में एक भी अर्धशतक नहीं बनाया। इस दौरान उन्होंने 14.20 के औसत से 213 रन बनाए।

दूसरी तरफ, उपकप्तान शुभमन गिल पिछले मैच में अभ्यास के दौरान चोटिल हो गए थे जिससे उनका अंतिम मैच में खेलना संदिग्ध है। भारतीय टीम किसी तरह का जोखिम लेना उचित नहीं समझेगी क्योंकि उसके पास शीर्ष क्रम में संजू सैमसन के रूप में एक अच्छा विकल्प मौजूद है। सैमसन निचले क्रम में बल्लेबाजी के लिए कभी भी सही विकल्प नहीं थे। उन्होंने सलामी बल्लेबाज के रूप में अच्छा प्रदर्शन किया है जबकि मध्यक्रम में वह अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। इसके अलावा भारतीय टीम संतुलित नजर आती है क्योंकि दोनों ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या और शिवम दुबे अब तक खेले गए तीनों मैचों में अंतिम एकादश में शामिल रहे हैं।

तेज गेंदबाजी आक्रमण में अर्शदीप सिंह अपनी लय में आ रहे हैं, जबकि हर्षित राणा ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है। इस बीच निजी कारणों से तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में नहीं खेल पाने वाले जसप्रीत बुमराह चौथे मैच से पहले टीम से जुड़ गए हैं। अब देखना दिलचस्प होगा कि बुमराह की वापसी के बाद हर्षित को प्लेइंग-11 में मौका मिलता है या नहीं। अहमदाबाद की पिच बल्लेबाजी के लिए अनुकूल मानी जाती है जो इस सीरीज में भारत के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती के लिए चुनौती पेश करेगी।

सिनेमा

## राजकुमार हिरानी की फिल्म में होंगे 4 इडियट्स! चौथे लीड एक्टर की तलाश में मेकर्स



बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ के साथ प्रोफेशनल लाइफ को लेकर भी सुर्खियों में हैं. एक के बाद एक उनके अपकमिंग प्रोजेक्ट को लेकर खबरें आ रही हैं. फैंस उन्हें फिर बड़े पर्दे पर देखने के लिए बेकरार हैं. इन सबके बीच थ्री इडियट्स (3 Idiots) के सीक्वल को लेकर अपडेट आया है. दरअसल पिंकविला ने लंबे वक्त से इंतजार किए जा रहे '3 इडियट्स' के सीक्वल के बारे में एक बड़ा अपडेट दिया है. इसके अलावा एक सोर्स ने कन्फर्म किया है कि मेकर्स ने एक टेम्परी टाइटल फाइनल कर लिया है. यानी इस बात पर मुहर लग गई है कि 3 इडियट्स का सीक्वल ऑफिशियली बन रहा है, स्क्रिप्ट फाइनल हो गई है और राजकुमार हिरानी के डायरेक्शन में 2026 में शूटिंग शुरू होने वाली है. एक अंदरूनी सूत्र ने कन्फर्म किया, 'स्क्रिप्ट अभी एक टेम्परी वर्किंग टाइटल '4 इडियट्स' के तहत डेवलप की जा रही है. हालांकि यह टाइटल अभी बदल सकता है, मेकर्स इस आइकॉनिक फ्रेंचाइजी को अपनी ओरिजिनल तिकड़ी से आगे बढ़ाने के लिए एक सुपरस्टार की तलाश कर रहे हैं. मेकर्स एक्टिव रूप से चौथे इडियट की तलाश कर रहे हैं, जो कोई सुपरस्टार नाम हो सकता है.'

## Highlights

1. **By 2026, cars will pass through toll plazas at 80 kmph: Gadkari**
2. **Railways to run 138 special trains for Christmas and New Year**
3. **India's top self-made billionaires created wealth more than GDPs of Pak & Nepal combined**
4. **Dense to very dense fog warning issued for several states, list released**
5. **'TMC MLA said Ram was Muslim not Hindu', claims BJP; shares video**

# Rupee strengthens to under 90/dollar after nearly a week after RBI steps in



**NEW DEIHI, (Agency).** The Indian Rupee strengthened to under 90/ Dollar for the first time in nearly a week, on likely interventions by the Reserve Bank of India in the forex market.

At the interbank foreign exchange market, the rupee opened at 90.19 against the US dollar, then gained some ground to 89.96—a gain of 24 paise over its previous close. According to forex traders who PTI spoke with, the rupee has strengthened on likely interventions by the RBI even as crude oil traded lower.

The dollar index, which gauges the greenback's strength against a basket of six currencies, was trading 0.04% higher at 98.46.

Brent crude, the global oil benchmark, was trading lower by 0.27% at $59.66 per barrel in futures trade.

The 30-share Sensex climbed 375.98 points to 84,857.79, while the Nifty 50 was up 110.60 points to 25,934.15.

"Since the speculators are out of the market, dollar-buying has come down a bit, though intraday we could see spikes," Anil Kumar Bhansali, head of treasury and executive director at Finrex Treasury Advisors LLP, told PTI.

# ICICI Prudential AMC shares surge nearly 23% over IPO price on listing day

**NEW DEIHI, (Agency).** Shares of ICICI Prudential Asset Management Co. Ltd. surged by nearly a fourth on debut as investors bet on higher mutual fund investments in the world's most populous nation.

ICICI Prudential AMC's share price rose as much as 22.95% to ₹2,662.00 after listing at a 20% premium to the IPO price of ₹2,165, according to exchange data. The debut came after its $1.2-billion IPO was subscribed nearly 40 times, garnering bids worth $33 billion earlier this week.




That outperformance has confirmed a record year for India's primary market. More than 350 companies have raised $21.6 billion through IPOs in India in 2025, surpassing previous year's $20.5 billion.

Brokerage Prabhudas Lilladher, which initiated coverage on the stock with a "buy" rating, said strong parentage and superior equity yields make the asset manager an attractive bet.

### आबकारी विभाग ने एक लाख 22 हजार से अधिक मूल्य की अवैध मदिरा जब्त की

# स्वीगी बैग से परिवहन की जा रही अवैध मदिरा जब्त

**इंदौर। कलेक्टर शिवम वर्मा के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी के द्वारा दिये निर्देशानुसार इंदौर के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध शराब के विरूद्ध लगातार कार्रवाई जारी है।**

कंट्रोलर देवेश चतुर्वेदी, डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी धर्मेंद्र जोशी व जहांगीर खान के नेतृत्व में वृत्त- बालदा कॉलोनी एवं बाम्बे बाजार प्रभारी उप निरीक्षक मीरा सिंह के द्वारा शहरी क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई। कार्यवाही



में वृत्त बालदा कालोनी में मुखबिर की सूचना पर चंदन नगर व्हाया फूटी कोटी रोड़ पर घेराबंदी कर शंका के आधार एक दोपहिया एक्टिवा वाहन (क्रमांक-MP09 UA5388) को रोककर डिक्की की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान अवैध परिवहन कर ले जाई जा रही 6 बोतल और पीछे सीट पर रखे स्वेगी बैग में 18 बोतल, एक कपड़े के झोले में 12 केन बीयर व 6 बोतल में अलग-अलग ब्रांड की विदेशी (ब्लेंडर प्राइड, आलसीसान,8PM, बिग पाइपर, रॉयल चैलेंज आदि) की शराब जब्त कर आरोपी राकेश पिता सत्यपाल बलवानी निवास द्वारकापुरी को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी से जब्त मदिरा और वाहन की कुल कीमत एक लाख 13 हजार 120 रुपए के करीब है।

आबकारी विभाग की एक अन्य कार्रवाई के दौरान आरोपी से अवैध शराब जब्त करने की कार्रवाई की गई। उक्त कार्रवाई मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी उमेश पिता मोहनलाल निवासी भांगिया काकड़ के कब्जे से 120 पाव देशी मदिरा विक्रय करते हुये पकड़ा गया। जब्त अवैध मदिरा का बाजार मूल्य लगभग 9 हजार रुपये है। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम 1915 की धारा के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक